# अकादमी न्यूज़

संख्या - 29
अक्टूबर, 2025

**डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल**


## Message from Director General



*I am pleased to present the October edition of our monthly newsletter, highlighting key training initiatives undertaken by the Academy. During this period, programmes on Direct Trainers Skills, Cyber Security, Sevottam, Child Rights and other essential themes were conducted to strengthen participant competencies. The exposure visit to Gujarat, showcasing best practices for Trainee PCS officers further reflects the wide range of learning and capacity building opportunities that our Academy is continuously embarking upon. These efforts underscore our commitment to enhanc professional skills and fostering a culture of continuous learning and development.*


**Patron**
B. P. Pandey (Director General)
**Editor**
Dr. Mahesh Kumar (Joint Director)
**Collaboration**
Richanshu Sharma, Joint Director (Finance)
V. K. Singh (Dy. Director)
Manoj Kumar (Training Manager)
Yogesh Kumar (Training Manager)


**Our Mission**

*We work for the capacity building of civil servants, professionals, development functionaries and elected people's representatives.*

**Our Vision**

*To become a self-sustaining, proactive and leading organisation-offering quality capacity building (training and advisory) service in the field of public administration and development initiatives in a competitive environment.*

## Gandhi Jayanti Celebration at Academy



अकादमी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर, 2025 को मनायी गयी। महानिदेशक महोदय द्वारा गॉधी जी एवं शास्त्री जी के फोटो पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को महात्मा गाधी एवं शास्त्री जी के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गॉधी जी द्वारा दिये गये सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, और सरल जीवन के संदेश को स्मरण किया गया तथा अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों तथा अकादमी कार्मिकों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। संयुक्त निदेशक द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## Direct Trainer Skills (DTS)



अकादमी में दिनांक 13 से 17 अक्टूबर, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण का व्यवस्थित दृष्टिकोण, सीखने के प्रकार तथा प्रशिक्षण की मुख्य 04 विधाओं यथा कोचिंग, लेक्चर, समूह चर्चा व समूह गतिविधि को सम्मिलित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 03 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 22 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Sevottam : Grievance Redressal Mechanism



अकादमी द्वारा सी0जी0जी0 के माध्यम से Sevottam: Grievance Redressal Mechanism विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13 से 15 अक्टूबर, 2025 की अवधि में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा प्रदात्ता विभाग यथा–राजस्व विभाग, जल संस्थान, उद्यान, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण, चिकित्सा इत्यादि विभागों के समूह 'क' एवं 'ख' श्रेणी के 27 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उत्तराखण्ड राज्य के सेवा प्रदात्ता विभाग के अधिकारियों हेतु आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने हेतु Interpersonal Communications Skills in Addressing Public Grievance, Citizen Centric Administration, Ethics in Public Service, Case Studies on Sevottam implementation, The Elements and Mechanism of Good Governance, Citizen Charter Framework, Need of Standardization & Role of BIS in Standardisation आदि विषयों में प्रशिक्षित करते हुए उनकी क्षमता में गुणोत्तर वृद्धि करना था, जिससे कि नागरिकों को उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समयान्तर्गत उपलब्ध कराते हुए नागरिकों की शिकायतों में कमी लायी जा सके।

## National Unity Day Celebration

उत्तराखण्ड शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अकादमी में दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' मनाया गया। अकादमी महानिदेशक महोदय द्वारा सभी अकादमी संकाय/कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलायी गयी तथा महोदय द्वारा सभी कार्मिकों को सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों के प्रति जागरूक करते हुए उनके आदर्शों पर चलने हेतु प्रेरित किया गया।



## Land Acquisition Processes for various Infrastructure Projects



अकादमी द्वारा डी.ओ.पी.टी., भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "Land Acquisition processes for various Infrastructure Projects" विषयक 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 को किया गया। कार्यशाला में उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान राज्यों के राजस्व विभाग के समूह 'क' एवं 'ख' श्रेणी के 70 अधिकारियों यथा–उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राजस्व विभाग के अधिकारियों को भूमि अधिग्रहण से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना था।

## Sustainable Development and Solid Waste Management in Post Disaster Situations



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2025 की अवधि में Sustainable Develop-ment and Solid Waste Management in Post Disaster Situations विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के उपरान्त उत्पन्न ठोस अपशिष्ट पदार्थों का पर्यावरणीय रूप से प्रबन्धन करने हेतु जानकारी प्रदान करना था, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय खतरों को न्यून किया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

## e-Governance Initiative, Emerging Technologies & Cyber Security



अकादमी द्वारा मिशन कर्मयोगी हेतु विभिन्न विभागों में नामित नोडल अधिकारियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 14 अक्टूबर, 2025 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेंटर फॉर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इन फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन (सी.टी.आर.एफ.ए.), देहरादून में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी परियोजना से परिचित कराना था ताकि वे अपनी भूमिका एवं उत्तरदायित्वों को बेहतर ढंग से समझ सकें तथा अपने विभागों के समस्त कर्मचारियों को iGOT पोर्टल पर पंजीकरण कर मिशन कर्मयोगी परियोजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विभागों के 68 नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Awareness Programme on Disaster Risk Reduction



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 को विकास खण्ड डोईवाला, जनपद देहरादून तथा दिनांक 30–31 अक्टूबर 2025 को विकास खण्ड थराली, जनपद चमोली में "Awareness Programme on Disaster Risk Reduction" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आपदा के परिप्रेक्ष्य में सुरक्षा एवं प्रबन्धन के दृष्टिगत विभिन्न आयामों पर जानकारी प्रदान कर जागरूकता बढ़ाना था, ताकि आपदा पूर्व व आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 109 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Learning-cum-Exposure Visit for Assistant Audit Officers of the Bihar Govt.



अकादमी में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा प्रायोजित Learning-cum-Exposure Visit for officer of Bihar Institute of Public Administration & Rural Development विषयक छः दिवसीय 02 प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः दिनांक 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2025 एवं दिनांक 30 अक्टूबर–04 नवम्बर, 2025 के मध्य सफलतापूर्वक आयोजित किये गये।

उपरोक्त प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम में लेखा परीक्षा अधिकारी एवं द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक उर्दू अनुवादक अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार सरकार के वित्त विभाग के असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर्स को ऑडिट से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करना, गवर्नेंस में वित्तीय जवाबदेही और पारदर्शिता तय करना, तथा Audit Process, Risk-based auditing and scheme appraisal में निपुणता हांसिल करना, साथ ही प्रोफेशनल एथिक्स और ऑनलाइन ऑडिट सिस्टम और सिटी पोर्टल्स जैसे मॉडर्न टूल्स के प्रयोग में निपुण करना था।

द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड के प्रमुख प्रशासनिक, सूचना और सांस्कृतिक संस्थानों के कार्यप्रणाली का अनुभव प्राप्त करना, भाषा अनुवाद और दस्तावेज़ीकरण में राज्यों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का आदान–प्रदान, उत्तराखंड की सामाजिक और भाषाई विविधता के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं से परिचय, बिहार और उत्तराखंड के सरकारी विभागों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ाना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रथम प्रशिक्षण में कुल 89 तथा द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 111 प्रशिक्षु अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Outreach Training Programme



अकादमी द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर व 15 अक्टूबर 2025 को डॉ0 आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल से प्रायोजित Right to Information & Sensitization on Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act 2013 तथा E-Governance Solutions (E-Office & IFMS System) विषयक एक–एक दिवसीय 02 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डोईवाला, जनपद देहरादून में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनपद स्तर पर विभिन्न अधिकारियों को सूचना का अधिकार, E-Office व IFMS System तथा महिलाओं हेतु कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न के सम्बन्ध में विभिन्न नियमों व कानूनों की जानकारी प्रदान करना था। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में क्रमशः 49 तथा 37 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Training Programme on Mental Health



अकादमी के अन्तर्गत स्थापित सेन्टर फॉर गुड गवर्नेन्स द्वारा सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, नई दिल्ली, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से उत्तराखंड एवं हिमाचल प्रदेश के परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, सी.सी.आई. प्रभारियों हेतु 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर, 2025 तक की अवधि में आयोजित किया गया है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कमजोर बच्चों से जुड़ी बाल–केंद्रित चुनौतियों से निपटने में कार्यरत पेशेवरों जैसे परामर्शदाताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सी.सी.आई. प्रभारियों को निपुण बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षुओं को बाल–केंद्रित देखभाल तथा बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के रखरखाव एवं सम्बन्धित कानूनी जानकारी प्रदान की गयी, जो सी.सी.आई., आदि संस्थाओं में बच्चों के सम्पूर्ण समग्र विकास में सहायक होगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 21 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Exposure Visit for Participants of 7th PCS Professional Course to Gujarat State



अकादमी में दिनांक 15 सितम्बर, 2025 से 06 दिसम्बर, 2025 के मध्य उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2021 के द्वारा चयनित नवनियुक्त परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों हेतु 7वें व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों हेतु दिनांक 06 अक्टूबर, 2025 से 11 अक्टूबर, 2025 के मध्य अकादमी द्वारा Institute of Rural Management (IRMA), Anand, Gujarat में शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा SEWA, Sabarmati Ashram, Sabarmati River Front Development Project, Gift City, Amul Factory, Environment Sanitation Institute (ESI), Mujhkuva Village/Collection of Milk at Village Cooperative Federation, Amul Farm & IVF Facility at Anand तथा Statue of Unity आदि का अध्ययन भ्रमण किया गया। इस भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को उपरोक्त समस्त क्षेत्रों की विस्तृत जानकारियाँ प्रदान की गई, जिससे कि प्रशिक्षु अधिकारी भविष्य अपने कार्यों में उक्त नवाचारों को प्रयोग कर सकें।

## Training of Trainers (ToT) for CDPOs and DPOs



अकादमी में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, देहरादून द्वारा प्रायोजित Training of Trainers (ToT) for CDPOs and DPOs on the POSH Act, Domestic Violence Act and Child Marriage Act विषयक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 06 अक्टूबर से 09 अक्टूबर, 2025 के मध्य सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अंगनबाड़ी सुपरवाईजरों एव बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 महिलाओं का घरेलू सिंहा से संरक्षण अधिनियम, 2005 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सशक्त बनाने हेतु डिजाइन किया गया था। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के कुल 41 जिला कार्यक्रम अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों, आंगनबाड़ी सुपरवाज़रों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Training Programme on Office and Financial Management

A five-day Training Programme on "Office and Financial Management" was organized by the Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration, Nainital, from 13th to 17th October, 2025. The programme aimed to strengthen the capacity of Heads of Offices (HoDs) and Chief Administrative Officers (CAOs) in effective office and financial management for improved decision-making and accountability.

During the training, participants were oriented on key administrative and financial topics such as procurement procedures, leave and travel allowance rules, RTI, audit processes, e-office systems, pay fixation, pension matters, letter writing, and record management. The sessions emphasized transparency, efficiency, and adherence to financial and administrative norms.

Total 34 Officers from various departments of the Government of Uttarakhand participated in the programme. The training provided them with practical insights into rule-based management and effective use of resources, contributing to better governance and enhanced institutional performance across departments.

### Objectivs of the Training Programme:

- To strengthen the capacity of Heads of Offices and Chief Administrative Officers on office and financial management for effective decision-making and accountability.
- To acquaint participant with key rules and procedures related to procurement, leave, and travel allowances.
- To provide practical knowledge on letter writing and record management for clear communication and proper documentation.



# Training Events November, 2025

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 7th Professional Course for PCS (Executive) Officers | 15.09.2025 | 06.12.2025 | Dr. Mahesh Kumar / Co CD - Poonam Pant |
| 2. | Training cum Study tour of Combined Foundation Course of Trainee Officers of BIPARD | 29.10. 2025 | 04.11. 2025 | Dr. A. K. Mishra |
| 3. | 57th Induction Training Programme for JE's of PWD | 03.11. 2025 | 02.12. 2025 | Richanshu Sharma |
| 4. | Immunization and Integrated Disease Survillence Programme (IDSP) | 06.11. 2025 | 07.11. 2025 | Dr. A. K. Mishra |
| 5. | Artificial Intelligence | 13.11. 2025 | 15.11. 2025 | B.K.Naik |
| 6. | Learning Cum Exposure visit for Vice Principals of ITI's of Bihar | 10.11. 2025 | 15.11. 2025 | Dr. A. K. Mishra |
| 7. | Role of community participation in sustainable Solid Waste Management (SIUD) | 13.11. 2025 | 15.11. 2025 | Manoj Pande |
| 8. | Design of Training (State) | 17.11. 2025 | 21.11. 2025 | V.K.Singh |
| 9. | Land Acquisition | 17.11. 2025 | 19.11. 2025 | Sudhir Kumar |
| 10. | Training Programme on Gender Equity & Persons with Disabilities & Social Inclusions | 19.11. 2025 | 20.11. 2025 | Ragini Tewari |
| 11. | District Ganga Planning (DGP)- GIZ | 24.11. 2025 | 28.11. 2025 | Manoj Pande |
| 12. | Sensitization Workshop on Child Rights- Champawat | 25.11. 2025 | 25.11. 2025 | Dr. A. K. Mishra |
| 13. | Sensitization Workshop on Child Rights- Pithoragarh | 26.11. 2025 | 26.11. 2025 | Dr. A. K. Mishra |
| 14. | Earthquake Resistant Construction Technology | 27.11. 2025 | 29.11. 2025 | Dr. Manju Pandey |

सर्वभूतहिते रताः

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल - 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone फोन : 235011
: 236068
: 236149
STD एसटीडी : 05942
E-Mail / ई–मेल : directoracademy@hotmail.com